पर्यावरण गतिविधियों पर नासा और UNEP के बीच समझौता

चर्चा में क्यों ?

हाल ही में नासा और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environmental Programme- UNEP) ने ग्लोब (GLOBE) कार्यक्रम और अन्य पर्यावरण गतिविधियों के संयुक्त क्रियान्वयन हेतु एक समझौता किया है।

प्रमुख बिंदु:

- इस समझौते के तहत GLOBE और UNEP पर्यावरण शिक्षा और प्रशिक्षण, नागरिक विज्ञान (Citizen Science) और पर्यावरण डेटा के संग्रहण और वितरण में एक दूसरे का सहयोग करेंगे।

GLOBE (Global Learning and Observations to Benefit the Environment):

- GLOBE कार्यक्रम नासा द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (National Science Foundation-NSF), राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (National Oceanic and Atmospheric Administration-NOAA) के सहयोग से संचालित किया जाता है।
- इसकी रूपरेखा वर्ष 1994 में तैयार की गई थी और इसे व्यापक रूप से वर्ष 1995 में शुरू किया गया था।
- वर्तमान में इस कार्यक्रम में 121 देश शामिल हैं ।
- GLOBE एक अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और शिक्षा कार्यक्रम है जो छात्रों और नागरिकों को डेटा संग्रहण और वैज्ञानिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।
- यह कार्यक्रम पृथ्वी और वैश्विक पर्यावरण को समझने में भी योगदान देता है।

- GLOBE और UNEP द्वारा वैश्विक संसाधन सूचना केंद्र और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान समुदाय के सहयोग से GLOBE डेटा का प्रयोग करते हुए जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है ताकि पर्यावरण से संबंधित शोधों को और आगे बढ़ाया जा सके।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण क्षेत्रीय कार्यालय, GLOBE देशों के साथ निकट सहयोग स्थापित करेगा और पर्यावरण शिक्षा तथा प्रशिक्षण गतिविधियों का भी साझा कार्यान्वयन करेंगे।
- नासा, GLOBE और UNEP अपने भू-स्थानिक डेटा को एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे जिससे पर्यावरण के विश्लेषण हेतु समृद्ध जानकारी की उपलब्धता को बढ़ावा मिलेगा।
- UNEP की इस प्रकार की रणनीतियाँ विशेष रूप से युवाओं और हमारे साझे भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगी, साथ ही सतत् विकास लक्ष्यों, शांति और सुरक्षा के लिये भी ठोस मानवीय कदम साबित होगी।

UNEP (United Nation Environment Programme):

//

- यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है। इसकी स्थापना वर्ष 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम में आयोजति संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान हुई थी।
- इस संगठन का उद्देश्य मानव पर्यावरण को प्रभावति करने वाले सभी मामलों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना तथा पर्यावरण संबंधी जानकारी का संग्रहण, मूल्यांकन एवं पारस्परकि सहयोग सुनिश्चिति करना है।
- UNEP पर्यावरण संबंधी समस्याओं के तकनीकी एवं सामान्य निदान हेतु एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। UNEP अन्य संयुक्त राष्ट्र निकायों के साथ सहयोग करते हुए सैकड़ों परियोजनाओं पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुका है।
- इसका मुख्यालय **नैरोबी (केन्या)** में है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/un-environment-and-nasa